ISSN 0974 1666

सी.सी.आर.यू.एम

न्यूज़लेटर

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद की द्वैमासिक पत्रिका

खंड 35 • अंक 5–6 सितम्बर–दिसम्बर 2015

श्री अजीत मोहन शरण आयुष के नए सचिव

हरियाणा कैडर, 1979 बैच के आई.ए.एस. अफ़सर श्री अजीत मोहन शरण ने 01 सितम्बर को सचिव, आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय, भारत सरकार का पदभार ग्रहण किया। उन्हें विभिन्न प्रशासनिक कार्यकलापों का पैंतीस वर्ष से अधिक का अनुभव है।

यह नई भूमिका श्री शरण की तृतीय केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति है। अक्तूबर 2013 से यह नया पदभार ग्रहण करने तक वह युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन खेल विभाग में सचिव के पद पर कार्यरत थे। उनकी प्रथम केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति मार्च 2000 से मई 2003 तक संयुक्त सचिव के पद पर बैंकिग प्रभाग, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त एवं कम्पनी कार्य मंत्रालय में रही।

दूसरी बार केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर आने से पूर्व वह नवम्बर 2011 से लगभग दो वर्ष तक ऊर्जा विभाग, हरियाणा सरकार में वित्त आयुक्त एवं मुख्य सचिव के पद पर सुशोभित रहे। इससे पूर्व वह लगभग नौ महीने की छोटी अवधि के दौरान तकनीकी शिक्षा विभाग में वित्त आयुक्त एवं मुख्य सचिव थे। वह सितम्बर 2008 से फरवरी 2011 के बीच वित्त एवं योजना विभाग में वित्त आयुक्त एवं मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत रहे। जुलाई 2005 से अगस्त 2008 तक वह पुरातत्व एवं संग्रहालय

श्री अजीत मोहन शरण

विभाग में वित्त आयुक्त एवं मुख्य सचिव; प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय में सदस्य सचिव और उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण बोर्ड में वित्त आयुक्त एवं मुख्य सचिव के पद पर आसीन रहे। वह अपनी प्रथम केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति के बाद दो वर्ष से अधिक समय तक खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग में आयुक्त एवं सचिव के पद पर सुशोभित रहे।

श्री शरण ने अपना प्रशासनिक कार्य 1981 में भूमि राजस्व प्रबंधन और ज़िला प्रशासन के क्षेत्र में ओ.एस.डी. के रूप में शुरू किया और तत्पश्चात प्रबंध निदेशक, उद्योग; एस.डी.एम. और अतिरिक्त उपायुक्त, भूमि राजस्व प्रबंधन और ज़िला प्रशासन; अतिरिक्त निदेशक, उद्योग विभाग; अतिरिक्त निदेशक, नागरिक आपूर्ति विभाग; उपायुक्त, भूमि राजस्व प्रबंधन और ज़िला प्रशासन; रजिस्ट्रार, मानव संसाधन विकास; निदेशक, उद्योग विभाग; निदेशक, वाणिज्य; निदेशक, खदान एवं खनिज; निदेशक, कृषि विभाग; प्रबंध निदेशक, लघु उद्योग विभाग, हरियाणा वित्त निगम; विशेष सचिव, राजस्व विभाग; प्रशासक, कमान्ड एरिया डेवलपमेन्ट अथॉरिटी और आयुक्त एवं सचिव, नगर एवं ग्राम आयोजन विभाग का दायित्व संभाला।

श्री शरण आई.आई.टी. दिल्ली से बी.टेक. (इलेक्ट्रोनिक्स) के साथ–साथ लुईसियाना यूनिवर्सिटी, अमेरिका से एम.बी.ए. और यूनिवर्सिटी ऑफ वेल्स

(शेष पृष्ठ 5 पर)

एडवान्टेज हैल्थ केयर इन्डिया-2015 में सहभागिता

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (के.यू.चि.अ.प.) ने भारत से स्वास्थ्य सुरक्षा सेवाओं का निर्यात बढ़ाने के उद्देश्य से 5–7 अक्तूबर को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित मैडिकल वैल्यु ट्रेवल पर एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन "एडवान्टेज हैल्थ केयर इन्डिया–2015" में भाग लिया।

सुश्री रीता ए. तेवतिया, वाणिज्य सचिव, भारत सरकार नई दिल्ली में 5–7 अक्तूबर के दौरान आयोजित एडवान्टेज हैल्थ केयर इन्डिया–2015 का दीप जलाकर उद्घाटन करती हुई।

यह कार्यक्रम विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, आयुष मंत्रालय और नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फ़ॉर हॉस्पिटल्स एन्ड हैल्थ केयर प्रोवाइडर्स (एन.ए.बी.एच.) के सहयोग से वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, फ़ेडरेशन ऑफ़ इन्डियन चैम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स एन्ड इन्डस्ट्री (फ़िक्की) और सर्विसिज़ एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउन्सिल (एस.ई.पी.सी.) द्वारा आयोजित किया गया।

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए सुश्री रीना ए. तेवतिया, वाणिज्य सचिव, भारत सरकार ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य हैल्थकेयर सैक्टर में क्षमता निर्माण और सहयोग हेतु विश्व के देशों और लोगों तक पहुँचना है। उन्होंने आगे कहा कि भारत सरकार, भारत को मुख्य वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा गंतव्य के तौर पर प्रोत्साहित कर रही है। और योग्यता, परम्परा, तकनीक, पर्यटन और व्यापर के अनूठे संगुटीकरण क्षेत्र में भारत से चिकित्सीय सेवा निर्यात को सुप्रवाह बनाने में प्रयत्नशील है।

सम्मेलन में एडवान्टेज इन्डिया – भारतीय स्वास्थ्य रक्षा का अवलोकन एवं अवसर, नवीनीकरण एवं भारतीय स्वास्थ्य रक्षा तथा आयुष और सम्पूर्ण स्वास्थ्य पर तीन पूर्ण सत्र हुए। श्री श्रीपाद नाईक, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) आयुष ने तृतीय एवं समापन सत्र में मुख्य भाषण दिया। सत्र के परिमार्जक श्री जितेन्द्र शर्मा, संयुक्त सचिव, आयुष और पैनल सदस्य प्रो. रईस–उर–रहमान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. और सलाहकार (यूनानी), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. के.एस. धीमन, महानिदेशक, केन्द्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, श्री शरद परधी, उप–कुलपति, देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार, डॉ. राजीव वासुदेवन, सीईओ, आयुर्वेद अस्पताल, बैंगलोर और श्री सन्दीप आहुजा, चेयरमैन, फ़िक्की वैलनेस समिति थे। प्रो. रईस–उर–रहमान ने भारत में यूनानी चिकित्सा की स्थिति और के.यू.चि.अ.प. की गतिविधियों और उपलब्धियों के बारे में सभा को बताया।

कार्यक्रम में चिकित्सीय और एकीकृत स्वास्थ्य रक्षा सैक्टर में कौशलपूर्ण सहभागिता विकसित करने के उद्देश्य से 65 देशों के 500 अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। भारत इस माध्यम से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य रक्षा सेवाओं के निर्यात को बढ़ाना चाहता है।

परिषद ने मोनोग्राफ़, भेषजकोश, फ़ार्मुलरी, पोस्टर्स और अन्य प्रकाशनों द्वारा अपनी उपलब्धियाँ प्रदर्शित की। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य रक्षा एवं प्रोत्साहन और अपनी अनुसंधानिक गतिविधियों का निःशुल्क साहित्य एवं आपसी वार्तालाप द्वारा प्रचार प्रसार भी किया। ■

हैदराबाद में नवीन चिकित्सालय खण्ड की आधारशिला और नवीन सुविधाओं का उद्घाटन कार्यक्रम

के.यू.चि.अ.सं. हैदराबाद में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शीघ्र

श्री अजीत एम. शरण, सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने 30 सितम्बर को केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (के.यू.चि.अ.प.) के केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (के.यू.चि.अ.सं.), हैदराबाद में उन्नत जैवचिकित्सीय प्रयोगशाला और अतिथि गृह के उद्घाटन और नवीन चिकित्सालय खण्ड के आधारशिला कार्यक्रम के अवसर पर संस्थान में आयुष मंत्रालय द्वारा यूनानी चिकित्सा के दो संकायों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरु करने की घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, माननीय राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा कि यूनानी चिकित्सा पद्धति स्वास्थ्य सेवा वितरण क्षेत्र में अपार क्षमता रखती है और आयुष मंत्रालय इसके वैज्ञानिक विकास के प्रति गम्भीर है। उन्होंने कहा कि के.यू.चि.अ.प. को मौजूदा विश्व स्वास्थ्य दृश्यलेख को ध्यान में रखते हुए शोध करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय चिकित्सा पद्धतियाँ काफ़ी लोकप्रिय हो चुकी हैं और इन पद्धतियों में प्रयोग होने वाली औषधियों का गुणवत्ता नियंत्रण और सुरक्षा बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं, साथ ही आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी औषधियों की गुणवत्ता और मानकों को सुनिश्चित करने हेतु गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसिज़ और गुड एग्रीकल्चरल प्रैक्टिसिज़ दिशा निर्देश बनाए गए हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री चरलाकोला लक्ष्मा रेड्डी, माननीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री, तेलंगाना सरकार ने कहा कि के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद यूनानी चिकित्सा का एक प्रतिष्ठित संस्थान है और सफ़ेद दाग़ के उपचार में इसकी विशिष्टता विख्यात है। उन्होंने कहा कि संस्थान को अपने शोध आँकड़ों को प्रचारित

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, आयुष के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) 30 सितम्बर को हैदराबाद में आयोजित के.यू.चि.अ.सं. के नवीन चिकित्सालय खण्ड की आधारशिला और उन्नत जैवचिकित्सीय प्रयोगशाला के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। मंच पर मौजूद हैं श्री चरलाकोला लक्ष्मा रेड्डी, स्वास्थ्य व चिकित्सा मंत्री, तेलंगाना सरकार, श्री अजीत एम. शरण, सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, प्रो. रईस–उर–रहमान, सलाहकार (यूनानी) आयुष मंत्रालय एवं महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प., श्री नवदीप रिनवा, भारतीय प्रशासनिक सेवक और डॉ. मुनव्वर हुसैन काज़मी, उप निदेशक, के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद।

करना चाहिए और यूनानी चिकित्सा अनुसंधान में एक अनूठे संस्थान के रूप में स्वयं को विकसित करना चाहिए।

अपने सम्बोधन में श्री अजीत शरण ने के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना की घोषणा करने के अतिरिक्त यह भी बताया कि यूनानी चिकित्सा पद्धति गैर संक्रामक रोगों, उपापचयी रोगों और दीर्घकालीन रोगों के इलाज में सक्षम है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि परिषद् को चर्म रोगों और दीर्घकालीन रोगों में अपनी गतिविधियाँ बढ़ानी चाहिए और दिल्ली व अन्य स्थानों पर विशेषकर मध्यम वर्ग में विश्वसनीयता बनाने हेतु विशेष शिविर आयोजित करना चाहिए।

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, आयुष के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) 30 सितम्बर को के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद के अतिथि गृह का उद्घाटन करते हुए। उनके दायें हैं श्री चारलाकोला लक्ष्मा रेड्डी, स्वास्थ्य व चिकित्सा मंत्री, तेलंगाना सरकार और बायें हैं श्री अजीत एम. शरण, सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार।

इससे पूर्व अपने स्वागत व परिचायक सम्बोधन में प्रो. रईस–उर–रहमान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. ने कहा कि के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद ने दो लाख से अधिक सफ़ेद दाग़ रोगियों का उपचार कर प्रसिद्धि प्राप्त की है और दस हज़ार रोगियों के शोध आँकड़े तैयार किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि संस्थान ने साइनुसाइटिस और दीर्घकालीन यकृत रोगों के उपचार में भी सफ़लता अर्जित की है। अनुसंधानिक गतिविधियों और सुविधाओं के बारे में बोलते हुए उन्होंने बताया कि संस्थान में यूनानी औषध पर फ़ार्माकोकाइनेटिक और फार्माकोडायनामिक अध्ययन भी किए जा रहे हैं। उन्होंने औषधियों के पासपोर्ट डाटा तैयार करने में आ रही कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुए यूनानी औषधियों के गुणवत्ता नियंत्रण और भेषजकोशीय मानकों के विकास पर बल दिया।

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, आयुष के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) 30 सितम्बर को के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद में प्रो. रईस–उर–रहमान, निदेशक, के.यू.चि.अ.प. से यादगार स्वीकार करते हुए।

इस अवसर पर के.यू.चि.अ.प. ने अपने संस्थापक निदेशक हकीम अब्दुर रज़्ज़ाक़ को लाइफटाइम अचीवमेन्ट अवार्ड से मरणोत्तरीय सम्मानित किया जिसे श्री श्रीपाद नाईक के कर कमलों द्वारा उनकी पत्नी हकीम (श्रीमती) उम्मुल फ़ज़ल ने ग्रहण किया। के.यू.चि.अ.प. ने डॉ. ख़ालिद महमूद सिद्दीक़ी, उप–महानिदेशक को भी परिषद् के विकास हेतु उनके योगदान और उत्सर्ग के लिए प्रशंसनीय पुरस्कार से सम्मानित किया। के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद के पूर्व निदेशकों डॉ. एस.जे. हुसैन, डॉ. मुश्ताक़ अहमद और पूर्व उप निदेशक डॉ. एम.ए. वहीद भी

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, आयुष के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) 30 सितम्बर को के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद के नवीन चिकित्सालय खण्ड की आधारशिला रखते हुए।

प्रशंसनीय पुरस्कार से सम्मानित किए गए। श्री नाईक और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद का उन्नत प्रोफ़ाइल सामूहिक रूप से जारी किया।

उद्घाटन सत्र के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद के उपनिदेशक प्रभारी डॉ. मुनव्वर हुसैन काज़मी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुआ।

इसके पश्चात् श्री श्रीपाद येस्सो नाईक ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में संस्थान के अतिथि गृह और उन्नत जैवचिकित्सीय प्रयोगशाला का उद्घाटन किया और नवीन चिकित्सालय खण्ड की आधारशिला रखी। ■

आई.आई.टी.एफ. में गैर संक्रामक रोगों हेतु जाँच शिविर

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (के.यू.चि.अ.प.) ने 14 से 27 नवम्बर को इन्डिया इन्टरनेशनल ट्रेड फ़ेयर (आई.आई.टी.एफ.) 2015 में ग़ैर संक्रामक रोगों की जाँच हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित शिविर में भाग लिया।

जाँच शिविर का उद्घाटन श्री जगत प्रकाश नड्डा, केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा किया गया। के.यू.चि.अ.प. और आयुष मंत्रालय के अधीन अन्य अनुसंधान परिषदों ने ग़ैर संक्रामक रोगों के लिए आगंतुकों की जाँच कर शिविर में सहभागिता की। के.यू.चि.अ.प. के चिकित्सकों ने 789 रोगियों की चिकित्सीय जाँच की और उन्हें निःशुल्क परामर्श दिया। इन रोगियों में से कुछ रोगी उपचार हेतु परिषद के यूनानी चिकित्सा केन्द्र, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली और दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल, नई दिल्ली स्थित यूनानी विशेषता क्लीनिक में भेजे गए।

के.यू.चि.अ.प. ने आई.आई.टी. एफ. 2015 में अपने स्टाल से यूनानी चिकित्सा द्वारा स्वास्थ्य लाभ तथा परिषद की गतिविधियों और उपलब्धियों से सम्बंधित साहित्य का वितरण किया और परिषद के मुख्य प्रकाशन प्रदर्शित किए। ■

(पृष्ठ 1 का शेष)

(यू.के.) से डेवलपमेन्ट इकॉनोमिक्स में स्नात्तकोत्तर हैं। वह मातृभाषा हिन्दी के साथ–साथ अंग्रेजी भाषा में पारंगत हैं।

वह यूनानी चिकित्सा और अन्य परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों के बहुमुखी विकास में गहन रूचि रखते हैं। वह ग़ैर संक्रामक और निर्गमित रोगों के उपचार में आयुष पद्धतियों की सामर्थ्यता के उपयोग के सम्बन्ध में गम्भीर हैं और दिलचस्पी रखते हैं।

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (के.यू.चि.अ.प.) श्री शरण का सचिव (आयुष) के पद पर स्वागत करती है और उनके संरक्षण में यूनानी एवं अन्य आयुष चिकित्सा पद्धतियों के चहुंमुखी विकास की आशा व कामना करती है। ■

यूनानी चिकित्सा पर विश्व सम्मेलन

के.यू.चि.अ.प. के शोधकर्ताओं ने 12–13 अक्तूबर को शेर–ए–कश्मीर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन केन्द्र, श्रीनगर (जम्मू व कश्मीर) में 'यूनानी मेडिसिन – इमरजिंग ट्रेन्ड्स एन्ड फ़्युचर प्रोस्पेक्टस' पर आयोजित विश्व सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन का आयोजन डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ़ इन्डियन सिस्टम्स ऑफ़ मेडिसिन, जम्मू व कश्मीर द्वारा किया गया था जो आयुष मंत्रालय और वर्ल्ड यूनानी फ़ाउन्डेशन (डब्ल्यू.यू.एफ.) द्वारा प्रायोजित था।

श्रीनगर में 12–13 अक्तूबर को आयोजित यूनानी चिकित्सा पर विश्व सम्मेलन के मंच पर बैठे श्री श्रीपाद नाईक, आयुष के केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रो. रईस–उर–रहमान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प., प्रो. एस. शाकिर जमील, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली और अन्य गणमान्य व्यक्ति।

माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री (आयुष) श्री श्रीपाद येस्सो नाईक ने 12 अक्तूबर को दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत यूनानी चिकित्सा में विश्व में अग्रणी है और सरकार अन्य भारतीय पद्धतियों के साथ–साथ इस चिकित्सा पद्धति के बहुमुखी विकास हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि यूनानी चिकित्सा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना में हमारे स्वास्थ्य सेवा प्रदान प्रणाली का एक अविभाज्य भाग है। उन्होंने जम्मू व कश्मीर के आयुष विभाग से केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने के लिए अधिकाधिक आयुष परियोजनाओं को तैयार करने की बात कही।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री मुफ़्ती मोहम्मद सईद, माननीय मुख्य मंत्री, जम्मू व कश्मीर ने कहा कि होम्योपैथी और एलोपैथी चिकित्सा पद्धतियां लोगों के रोग निदान के समान उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न चिकित्सा सिद्धान्तों पर काम करती हैं और यूनानी चिकित्सा को उसका स्थान दिया जाए ताकि राज्य की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में प्रभावकारी रूप से समाकलन हो सके। उन्होंने आगे कहा कि वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियां एक परिवर्तन अवस्था से गुज़र रही हैं और इनमें हो रहे अनुसंधान से, इनकी प्रभावकारिता व क्षमता से सम्बंधित डर व शक को दूर करने में मदद मिलेगी। उन्होंने जम्मू व कश्मीर राज्य को औषधीय पौधों का एक ख़ज़ाना बताते हुए कहा कि जम्मू व कश्मीर विस्तारित वनस्पतीय औषध बाज़ार में महत्त्वपूर्ण रूप से सहयोग कर सकता है। श्री मुफ़्ती सईद ने जम्मू व कश्मीर को अनूठी सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक सुंदरता बताते हुए कहा कि यह राज्य हर्बल टूरिज़्म में एक आदर्श स्थान बन सकता है। उन्होंने सम्पूर्ण राज्य में मुख्य पर्यटन केन्द्रों पर औषध उद्यान और विशेष चिकित्सा केन्द्र स्थापित करने के लिए आयुष विभाग को परामर्श दिया।

उद्घाटन सत्र में श्री चौधरी लाल सिंह, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, जम्मू व कश्मीर सरकार, सुश्री आसिया नक़्श, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण राज्य मंत्री, जम्मू व कश्मीर सरकार, प्रो. रईस–उर–रहमान, सलाहकार (यूनानी), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प., डॉ. एम.के. भण्डारी, आयुक्त/सचिव, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, डॉ. अब्दुल कबीर डार, महानिदेशक, भारतीय चिकित्सा प्रणाली, डॉ. मोहसिन देहल्वी, अध्यक्ष, वर्ल्ड यूनानी फ़ाउन्डेशन उपस्थित थे।

सम्मेलन में भारत वर्ष और विदेश के विभिन्न विभागों, विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिनिधियों ने भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने पर बल दिया और यह बताया कि ये पद्धतियां उन क्षेत्रों में भी प्रभावशाली हैं जहां आधुनिक चिकित्सा पद्धति कारगर नहीं होती। प्रस्तुतिकरण में भारतीय चिकित्सा पद्धतियों में उपचार तकनीक की प्रभावकारिता पर प्रकाश डाला गया।

डॉ. खालिद महमूद सिद्दीक़ी, उप महानिदेशक, श्री शमसुल आरिफ़ीन, अनुसंधान अधिकारी (रसायन), श्री अमीनुद्दीन, अनुसंधान अधिकारी (वनस्पति), डॉ. मौ. फ़ज़ील, डॉ. अहमद सईद और डॉ. यूनुस मुन्शी, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) ने के.यू.चि.अ.प. की ओर से कार्यक्रम में भाग लिया। ■

एन.एफ.यू.एम. और यू.पी.आई. के पुनरावलोकन पर बुद्धयोत्तेजक सत्र

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने यूनानी भेषजकोश समिति का सचिवालय होने के नाते 29 अगस्त 2015 को जामिया हमदर्द, नई दिल्ली में नेशनल फार्मूलरी ऑफ यूनानी मेडिसिन (एन.एफ.यू.एम.) और भारतीय यूनानी भेषजकोश (यू.पी.आई.) के पुनरावलोकन पर एक बुद्धयोत्तेजक सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में यह निर्णय लिया गया कि सभी भेषजकोशीय प्रलेखों का पुनरावलोकन और अद्यतन होना चाहिए।

प्रो. के.एम.वाई. अमीन, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ 29 अगस्त को जामिया हमदर्द, नई दिल्ली में नेशनल फार्मूलरी ऑफ यूनानी मेडिसिन और भारतीय यूनानी भेषजकोश के पुनरावलोकन पर आयोजित बुद्धयोत्तेजक सत्र को संबोधित करते हुए।

प्रो. रईस–उर–रहमान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. व यूनानी भेषजकोश समिति के सदस्य सचिव ने अपने प्रस्तावित भाषण में एन.एफ.यू.एम. और यू.पी.आई. के पुनरावलोकन व अद्यतन की आवश्यकता को उजागर किया। इससे इसकी कमियों को दूर करने और इस क्षेत्र में हुए विकास को सम्मिलित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने यूनानी औषधियों के मानकीकरण के पथ–प्रदर्शन में हकीम अजमल खां, जिनके योगदान को हकीम अब्दुल हमीद ने यूनानी और फार्मेसी कॉलेज साथ–साथ स्थापित कर आगे बढ़ाया है, की कोशिशों को भी सराहा।

प्रो. एस. ज़िल्लुर रहमान, इब्ने सिना अकादमी, अलीगढ़ ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यूनानी दवाओं के भेषजकोशीय अध्ययन की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इससे हम यूनानी चिकित्सा के मूल सिद्धान्तों से दूर हो जाते हैं। जबकि प्रो. के.एम.वाई. अमीन, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ने सुझाव दिया कि एन.एफ.यू.एम. और यू.पी.आई. का पुनरावलोकन व दस्तावेजों का पुनः निरीक्षण यूनानी चिकित्सा ग्रन्थों के अनुसार विशेषज्ञों द्वारा किया जाना चाहिए।

उद्घाटन के पश्चात् सत्र में, प्रो. सैयद शाकिर जमील, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली ने कहा कि एन.एफ.यू.एम. एक कानूनी दस्तावेज़ है और ड्रग एवं कॉस्मेटिक एक्ट का भाग है। इसका नियमित अद्यतनीकरण होना चाहिए। डॉ. असद पाशा, हैदराबाद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि औषधियों की पहचान और उनकी तैयारी करने की विधि को वर्तमान मसौदे में सम्मिलित करना चाहिए।

डॉ. जी.एन. क़ाजी, कुलपति, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली ने आग्रह किया कि यूनानी औषध कम्पनियों को आगे आकर भेषजकोश के निर्माण में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अव्यवों के प्रत्यावर्तन और मिलावट को दृष्टिगत रखते हुए परम्परागत औषधियों की सुरक्षा मूल्यांकन किए जाने की आवश्यकता है।

प्रो. शारिक ज़फर, थाणे ने कच्ची औषधियों के सम्मिश्रण पर नियंत्रण हेतु आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रो. एम.ए. जाफरी, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली ने कहा कि वर्गिकी में होने वाले लगातार परिवर्तन के कारण औषधकोश में अद्यतन होना चाहिए। प्रो. वजाहत हुसैन, अलीगढ़, डॉ. मोहसिन, देहल्वी रेमेडीज, नई दिल्ली, डॉ. आसिम अली खाँ, डॉ. विधु ऐरी और डॉ. अख्तर सिद्दीकी, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली ने एन.एफ.यू.एम. को अद्यतन करने के कुछ बिन्दुओं पर अपने विचार व्यक्त किए।

डा. एम.यू.आर. नायडु, हैदराबाद ने कहा कि औषधियों का विकास मरीज़

जामिया हमदर्द, नई दिल्ली में 29 अगस्त को के.यू.चि.अ.प. द्वारा नेशनल फार्मूलरी ऑफ यूनानी मेडिसन और भारतीय यूनानी भेषजकोश के पुनरावलोकन पर आयोजित बुद्धयोत्तेजक सत्र के सहभागियों का एक दृश्य।

की आवश्यकता के अनुसार होना चाहिए। डॉ. फरहान जलीस, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली ने कहा कि यूनानी मिश्रणों को सरल बनाया जाना चाहिए। डॉ. सईद अहमद, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली ने कहा कि दवाओं के विषाक्तता डेटा के साथ–साथ उनके औषधीय कार्यों का भी उल्लेख किया जाना चाहिए। डॉ. एम.ए. वहीद, हैदराबाद ने कहा कि सुरक्षा मूल्यांकन हेतु नई तकनीक को अपनाना चाहिए। डॉ. शाहिद अंसारी, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली ने भी सुरक्षित मापदण्डों के विकास पर बल दिया। डॉ. गुफरान अहमद, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ने कहा कि पुनरावलोकन में मूल संदर्भों को दृष्टिगत रखा जाए। प्रो. ताजुद्दीन, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ने यूनानी मिश्रणों की पुनः रचना पर बल दिया।

डॉ. खालिद महमूद सिद्दीक़ी, उपमहानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. के सम्बोधन से बुद्धयोत्तेजक सत्र का समापन हुआ। ■

सांस्थानिक नैतिकता समिति की बैठक

परिषद् के क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, भद्रक में 27 सितम्बर को नैदानिक चिकित्सीय परियोजना ज़ोफ–ए–दिमाग़ के नैतिक अनुमोदन हेतु सांस्थानिक नैतिकता समिति की 7वीं बैठक का आयोजन किया गया।

के.यू.चि.अ.प. के क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, भद्रक की सांस्थानिक नैतिकता समिति के सदस्य ज़ोफ–ए–दिमाग़ पर नैदानिक शोध परियोजना को नैतिक अनुमति देने पर विचार करते हुए।

डॉ. हकीमुद्दीन खां, अनुसंधान अधिकारी प्रभारी ने अपने स्वागत सम्बोधन में संस्थान में जारी शोध परियोजनाओं की स्थिति से सांस्थानिक नैतिकता समिति को अवगत कराया। समिति की अध्यक्षता डॉ. तृप्ति रेखा स्वाइन, एसोसिएट प्रोफ़ेसर, एस.सी.बी. मेडिकल कालिज, कटक ने की और समिति ने ज़ोफ–ए–दिमाग़ नैदानिक शोध परियोजना को नैतिक अनुमति प्रदान की। नैतिकता समिति के सदस्यों डॉ. मोहम्मद कमाल खान, चिकित्सा अधिकारी (यूनानी), भद्रक, डॉ. सैयद मोज़म्मिल अली, चिकित्सा अधिकारी (यूनानी), बालासोर, मो. अब्दुल बारी, अध्यक्ष, मुस्लिम जमात, भद्रक, श्री शेख जुल्फ़िकार अली, एडवोकेट, भद्रक, श्री एस.एम. फारुक़, भद्रक और श्री शेख अनवर हुसैन, भद्रक बैठक में शामिल हुए और संस्थान की अनुसंधानिक प्रगति से संतुष्ट हुए। संस्थान के अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे। ■

आयुष की सामर्थ्यता के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने सूचना, शोध एवं अध्ययन संस्था (एस.आई.आर.एस.) के सहयोग से 19 दिसम्बर को नई दिल्ली में "नवप्रवर्तन ज्ञान सेवाओं में सोशल मीडिया के उपयोग पर राष्ट्रीय सम्मेलन" का आयोजन किया। सम्मेलन में यूनानी चिकित्सा और अन्य आयुष पद्धतियों की सामर्थ्यता से सम्बंधित ज्ञान और सूचना के प्रचार–प्रसार के लिए सूचना तकनीक की उपयोगिता पर बल दिया गया।

प्रो. रईस–उर–रहमान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. (बीच में); डॉ. खालिद एम. सिद्दीक़ी, उप महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. (दायें से दूसरे); डॉ. ए.एम. सिद्दीक़ी, निदेशक, सूचना, शोध एवं अध्ययन संस्था (बायें से दूसरे); श्री अज़हर खाँ, सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी, के.यू.चि.अ.प. और सूचना, शोध एवं अध्ययन संस्था के श्री आनंद झा के.यू.चि.अ.प. द्वारा 19 दिसम्बर को नई दिल्ली में नवप्रवर्तन ज्ञान सेवाओं में सोशल मीडिया के उपयोग पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन करते हुए।

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए प्रो. रईस–उर–रहमान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. ने कहा कि शोध परिणामों और ज्ञान के प्रसार व संरक्षण हेतु पुस्तकालय की आधारभूत संरचना और सुविधाओं को समृद्ध करना अति आवश्यक होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की हाल में हुई एक बैठक के अपने अनुभवों की रोशनी में उन्होंने बताया कि आयुष पद्धतियों में गैर संक्रामक रोगों के प्रति बहुत अधिक प्रभावकारिता मौजूद है, परन्तु वैश्विक विज्ञानीय समाज इससे अनभिज्ञ है। उन्होंने सूचना व ज्ञान के प्रसार के लिए सोशल मीडिया और सूचना तकनीक की उपयोगिता के महत्त्व पर बल दिया।

अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित प्रो. रईस–उर–रहमान ने सम्मेलन के तकनीकी सत्रों में प्रस्तुत किए गए 37 शोध पत्रों की स्मारिका का विमोचन भी किया।

इससे पूर्व डॉ. ख़ालिद महमूद सिद्दीक़ी, उप महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. ने कहा कि पुस्तकालय एवं सूचना व्यवसायी अनुसंधानिक गतिविधियों के क्रियान्वयन और ज्ञान संसाधनों व शोधकर्त्ताओं के मल्य रिक्तता को भरने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। उन्होंने हाल ही में परिषद् के पुस्तकालय स्टाफ़ द्वारा शुरू की गई ई–मेल द्वारा 'डेली मैडिकल न्यूज़ एलर्ट' सेवा की सराहना की।

इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. ए.एम. सिद्दीक़ी, निदेशक, एस.आई.आर.एस. ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य इस बात पर विचार–विमर्श करना है कि किस प्रकार सोशल मीडिया द्वारा पुस्तकालय कार्यों को बेहतर बनाया जा सकता है। एस.आई.आर.एस. के श्री आनन्द झा ने सत्र को सम्बोधित किया और सम्मेलन व अपने संस्थान के उद्देश्यों को विस्तारपूर्वक वर्णित किया।

तीन तकनीकी सत्रों में शोधकर्त्ताओं, शिक्षा विदों, पुस्तकालयाध्यक्षों, सूचना व्यवसायी और छात्रों द्वारा पुस्तकालय सेवाओं पर सोशल मीडिया का प्रभाव, प्रयोक्ता, प्रत्याशा, पुस्तकालय सेवाओं की वृद्धि में डिजीटल मार्केटिंग का

के.यू.चि.अ.प. द्वारा 19 दिसम्बर को नई दिल्ली में आयोजित नवप्रवर्तन ज्ञान सेवाओं में सोशल मीडिया के उपयोग पर राष्ट्रीय सम्मेलन के श्रोतागण का एक दृश्य।

प्रभाव और अन्य महत्त्वपूर्ण विषयों पर कुल 37 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

के.यू.चि.अ.प. के पुस्तकालय एवं सूचना सहायक श्री सैयद शुएब अहमद ने एक सर्वेक्षण आधारित शोध पत्र ''यूनानी मैडिकल कॉलिज पुस्तकालयों में ज्ञान आधारित सेवाएं'' विषय पर प्रस्तुत किया।

सम्मेलन में के.यू.चि.अ.प. के शोधकर्त्ताओं व पुस्तकालय स्टाफ के अतिरिक्त प्रो. उमा कॉजीलाल, डा. इन्द्रा कौल, डॉ. एन.के. बार, प्रो. नौशाद अली और 100 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

श्री अज़हर ख़ान, सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी, के.यू.चि.अ.प. ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों व अन्य लोगों का आभार व्यक्त किया। ■

इलाज बित-तदबीर में अनुसंधानिक विधि-तंत्र पर संगोष्ठी

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने 10 से 11 अक्तूबर 2015 को राज्य तकमीलुत तिब्ब कॉलिज, लखनऊ द्वारा आयोजित इलाज बित तदबीर में अनुसंधानिक विधि–तंत्र पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।

अपने उद्घाटन सम्बोधन में प्रो. सिकन्दर हयात सिद्दीक़ी, प्रधानाचार्य, राज्य तकमीलुत तिब्ब कॉलिज, लखनऊ और निदेशक, राज्य आयुष सेवाएं, उत्तर प्रदेश ने इलाज बित तदबीर की प्रभावकारिता पर प्रकाश डाला और स्वास्थ्य प्रोत्साहन व उपचार विशेषकर ग़ैर सक्रामक रोगों के उपचार में इन विधियों के उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

श्री अनूप चन्द्र पांडेय, मुख्य सचिव, आयुष सेवाएं, उत्तर प्रदेश ने अपने अध्यक्षीय भाषण में आयुष क्षेत्र में चुनौतीपूर्ण और नए रोगों जैसे डेंगु, चिकुनगुनिया और स्वाईन फ्लू में शोध करने और परिवर्तक व रेजीमेनल चिकित्सा को अपनाने पर बल दिया।

प्रो. ख़ान मसूद अहमद, उपकुलपति, ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती उर्दू, अरबी, फारसी विश्वविद्यालय, लखनऊ ने कहा कि परिवर्तक चिकित्सा मुख्यतः यूनानी, आयुर्वेद और होम्योपैथी में रोग निवारण क्षमता अधिक है। अपना अनुभव बताते हुए उन्होंने कहा कि ये चिकित्सा पद्धतियाँ निराश लोगों के लिए एक आशा हैं।

हकीम सैयद मौहम्मद शरफुद्दीन क़ादरी, जिन्होंने भारत के प्रथम राष्ट्रपति श्री राजेन्द्र प्रसाद का 1942–43 में गया में दमा रोग का उपचार किया था, ने भी उद्घाटन सत्र को सम्बोधित किया। उन्होंने प्रतिभागियों से यूनानी चिकित्सा के मूलभूत सिद्धान्तों पर दृढ़ता से अमल करने का आह्वान किया और इस पद्धति में मौजूद प्रभावकारी और मितव्ययी उपचार द्वारा ग़रीबों की सहायता करने और स्वार्थी न होने की सलाह दी।

यूनानी चिकित्सा में किए गए योगदान को देखते हुए परिषद के हकीम वसीम अहमद ख़ान व अन्य आठ व्यक्तियों को तिब्बिया कॉलिज द्वारा सम्मानित किया गया।

दो दिवसीय संगोष्ठी में लगभग 200 प्रतिभागी सम्मिलित हुए और के.यू.चि.अ.प. के सात अधिकारियों सहित 110 शोधकर्त्ताओं ने अपने शोध पत्र तथा पोस्टर प्रस्तुत किए। ■

कोंझर वन खंड, उड़ीसा में प्रजाति - वनस्पतीय सर्वेक्षण

परिषद् के क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, भद्रक, उड़ीसा में कार्यरत शोधकर्ताओं ने उड़ीसा राज्य के कोंझर वन खंड में प्रजाति – वनस्पतीय सर्वेक्षण किया। इसका उद्देश्य क्षेत्र की वनस्पति संरचना का अवलोकन और विभिन्न वन श्रृंखलाओं से औषधीय पौधों को एकत्र करना था। इसके अतिरिक्त स्थानीय निवासियों से पौधों के लोक दावों को इकट्ठा करना भी इसका उद्देश्य था।

क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, भद्रक में कार्यरत शोधकर्त्ता औषधीय पौधों के बारे में लोक दावों की जानकारी प्राप्त करने हेतु स्थानीय लोगों से बातचीत करते हुए।

उड़ीसा का कोंझर जनपद 8240 वर्ग किमी. क्षेत्र में फैला हुआ है और यह 21°1′ उत्तरी और 22°10′ उत्तरी अक्षांतर और 85°11′ पूर्व से 86°22′ पूर्वी देशांतर के मध्य फैला हुआ है। जनपद दो असमान भूभाग ऊपरी व निचले कोंझर के बीच विभाजित है। निचला कोंझर भूभाग घाटी है व ऊपरी कोंझर में उत्तर में दक्षिण की ओर फैले पहाड़ मौजूद हैं। जनपद का मौसम अधिक नमीयुक्त भीषण गर्मी वाला व मई महीने में यहाँ का अधिकतम तापमान 38.2°C और दिसंबर में निम्नतम तापमान 11.7°C होता है जो कभी 7°C तक गिर जाता है। औसत वार्षिक वर्ष वृष्टि लगभग 1534.5 मिमी. तक है।

जिले का लगभग आधा भाग जो कि 4043 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है ट्रोपिकल मोइस्ट डेसिडूअस प्रकार के वनों से घिरा हुआ है। जिले के आरक्षित वनों में अधिकतर तीव्र ढ़लान वाली पहाड़ियां तथा संकरी एवं घुमाव्दार घाटियाँ हैं। इन जंगलों में विविध प्रकार के औषधीय पौधे पाए जाते हैं।

वनस्पति सर्वेक्षण के फलस्वरूप 179 पौधों की जाति के 524 नमूने एकत्र किये गए। इनमें वे पौधे भी सम्मिलित हैं जो यूनानी चिकित्सा पद्धति में प्रयोग किये जाते हैं। इनमें से कुछ मुख्य पौधे हैं – उश्बा–ए–हिंदी (*हेमिडेस्मस इंडिकस* (एल.) आर.बी.आर.), तेंदू (*डायोस्पाइरस मेलेनोज़ाइलोंन* राक्स्ब.), करंज (*पोंगेमिया पिन्नाटा* (एल.) पीयर), अंकुमाह (*एकिरेन्थस एस्पेरा* एल.), एनाबुस्सालब (*सोलेनम नाइग्रम* एल.), चौलाई खारदार (*अमारेन्थस स्पाई नोसस* एल.), बेलगिरी (*ईगल मारमेलास* कोर.) कटाई खुर्द (*सोलेनम सर्राटेन्स* बर्म एफ.), कसूस (*कस्कुटा रेफ्लेक्सा* राक्सब), सरवाली (*सिलेसिया अर्जेन्टिया* एल.), संभालू (*वाइटेक्स निगुण्डो* एल.), गुले चकन (*मधुका इंडिका* जे.एफ. मेल), ब्रह्म्मी (*सेन्टेला एशिएटिका* (एल.) अरबन.), सतावर (*एसपेरेगस रेसिमोसस* विल्ड.) ज़ख्मे हयात/पत्थर फोड़ी (*ब्रायोफाईलम केलिसिनम* सेलिसब), अडूसा (*जस्टीसिया अधाटोडा* एल.), नीम (*एज़ेदरकता इंडिका* ए. जस.), इन्दरजौ तल्ख़ (*होलोरिना प्युबिसेन्स* (बुक.हाम.), वाल एक्स.जी.डान.), चम्पा (*माइकेलिया चम्पाका* एल.), गुले अब्बास (*माइरेबिलिस जालापा* एल.), मौलसरी (*मिमोसोप्स एलेन्जी* एल.), अमलतास (*केसिया फिस्चुला* एल.), आमला (*फ़ाइलेन्थस एम्बलिका* एल.), नागकेसर (*मैसुआ फैरा* एल.), असरौल (*राउवोलफिया सरपेनटिना* (एल.) बेन्थ. एक्स कुर्ज़), कौंच (*म्युकुना प्रुरिटा* हुक.),

असरोल (*राउवोलफिया सरपेनटिना* (एल.) बेन्थ एक्स कुर्ज़)

इन्दरजौ तल्ख (*होलेरिना प्युबिसेन्स* (बुक. हाम.) वाल एक्स जी.डान.)

कसूस (*कस्कुटा रेफ्लेक्सा* राक्सव)

कमेला (*मैलोटस फिलीपेनसिस* (लाम) म्युल–आग.), सत्यानासी (*आर्जीमोन मैक्सिकाना* एल.), धतूरा सियाह (*दतूरा फेसिच्योज़ा* एल.), हार सिंगार (*निकटेन्थस आरबोरट्रिसटिस* एल.), घुंगची (*एब्रस प्रिकेटोरियस* एल.), संदल सुर्ख (*टैरोकार्पस सेंटेलीनस* एल.), संदल सफ़ेद (*सेन्टेलम एल्बम* एल.), सिरस (*एल्बिज़िया लेब्बेक* (एल.) बेन्थ.), खारे मुर्गिलान (*एकेसिया निलोटिका* (एल.) डैल.), तलमखाना (*हाइग्रोफिला आरिकुलेटा* (शम.) हींन.), सरफोका (*टेफरोज़िया परपुरिया* (एल.) पर्स.), करीपत्ता (*मुराया कोइनगी* (एल.) स्प्रेग.), बलादुर (*सेमिकार्पस एनाकार्डियम* एल.एफ.), जामुन (*साइज़ीजियम क्युमिनी* (एल.) स्किल्स), अन्कुल (*एलेनिज्यम साल्विफोलियम* (एल.एफ.) वेंग), बेर (*ज़िज़िफस मारिशियाना* लाम्क.) तथा भांगरा (*एकिल्प्टा एल्बा* (एल.) वेंग) आदि।

यह जिला विभिन्न जनजाति समुदायों की मातृभूमि है जैसे कि बाथुड़ी, भुइयां, भूमिज, गोंन्ड, हो, ज्वांग, खरवार, किसान, कोल, कोरा, मुंडा, ओराओ, संताल, साओरा, सबार तथा सोन्तींन। सर्वेक्षण टीम ने यहाँ के पौधों की जातियों के औषधीय गुणों के बारे में यहाँ के पारंपरिक उपचार करने वाले, वृद्ध, ज्ञानी लोगो तथा विभिन्न जनजाति समुदायों से मिलकर तथा उनसे बातचीत करके जानकारी प्राप्त की। इस प्रकार कुल 81 लोक दावे एकत्र किये गए। इनमें से कुछ चिकित्सा उपयोगी जानकारियां इस प्रकार हैं – *पोंगेमिया पिन्नाता* (एल.) पीयर (करंजो) के बीज का तेल सूजन, चर्म रोग तथा जूं मारने के लिए; *एलिफेंतोपस स्केबर* एल. (मयूर चूड़ी) की जड़ तथा *क्रोमोलिना ओडोरेटा* (एल.) किंग एंड रॉबिन्स (पोकोसुंगा) की पत्तियां कटे भाग एवं घाव के लिए; *एकिरेन्थस एस्पेरा* एल. (अपामारंग) की पत्तियां अतिसार, कटे भाग एवं घाव के लिए, *सोलेनम नाइग्रम* एल. (पुतुकुंदी) जोंडिस में, *अमारेंन्थास स्पाइनोसस* एल. (काँटा मारिस) की पत्तियाँ बदहजमी के लिए; *ईगल मारमेलोस* कोर, (बेलपत्रा की पत्तियां) डाईबिटिज़ के लिए; *डेनडाथी फल्केटा* (एल.एफ.) एटिंग (मलांग) की छाल माहवारी चक्र में अनियमिता के लिए; *सोलेनम सर्राटेन्स* बर्म एफ. (अक्रांति) के फल घाव ठीक करने के लिए; *कस्कुता रैफ्लेक्सा* रोक्सब (बन्पोई, निर्मुली) का सम्पूर्ण पौधा जोड़ों के दर्द के लिए तथा तना मूत्र संक्रमण में; *एकेसिया आरिकुलिफोर्मिस* एकम (अकाशी) की पत्तियां सरदर्द तथा पेचिश के लिए; *सिलोसिया अर्जेन्तिया* एल. वेराइटी

अर्जेन्तिया वेट. (लोंगा) खुजली के लिए; *एन्डोग्राफिस पेनिकुलाता* (बर्म एफ.) वाल एक्स नीस (भुइनीम) की पत्तियां माहवारी चक्र में अनियमित्ता के लिए; *क्लोरोज़ाइलोंन स्वीटीनिया* डी सी (भेरू) की पत्तियां बदहज़मी के लिए; *वान्दा रोक्सबरजाई* आर.बी.आर. (मदांग) की पत्तियां बुखार के लिए; वाईटेक्स निगुण्डो एल. (बेगुनिया) के पत्ते सरदर्द और जोड़ों के दर्द के लिए; *मधुका इंडिका* जे.एफ, मैल (महुवा) की छाल अतिसार के लिए; *टर्मिनेलिया तोमेंतोसा* (रक्सब एक्स डी सी) वाईट एंड आर्न (आसन) की छाल मूत्र संक्रमण के लिए तथा पत्तियां सरदर्द के लिए; *मकरंगा पेल्टाटा* (रक्सब) म्युल–आर्ग. (पोहारी) की छाल गुर्दे की पथरी के लिए; तथा *एकिलप्ता एल्बा* (एल.) हस्क की जड़ें कब्ज़ के लिए प्रयोग की जाती हैं।

सर्वेक्षणकर्ताओं ने स्थानीय निवासियों द्वारा विभिन्न उद्देश्यों जैसे खाने, ईधन, चारा, धार्मिक कर्मकांड, श्रृंगार, गृह निर्माण, फर्नीचर और अन्य घरेलू कार्यों हेतु उपयोग की जा रहीं सत्तावन पादप प्रजातियों को रिकार्ड किया। इसके अतिरिक्त, टीम ने संस्थान के म्यूज़ियम में प्रदर्शन हेतु छः नमूने और संस्थान परिसर में पौधारोपण हेतु आठ नमूने एकत्र किए।

सर्वेक्षण टीम का नेतृत्व डा. ऊषा देवी, अनुसंधान अधिकारी (वनस्पति) द्वारा किया गया और टीम के अन्य सदस्यों में श्री हिमांशु दिवेदी, अनुसंधान सहायक (वनस्पति), श्री मौ. तारिक़ अहमद, क्षेत्र परिचारक और श्री अब्दुल लुकमान, ड्राइवर शामिल थे। ■

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (क्षे.यू.चि.अ.सं.), पटना और चेन्नई में क्रमशः 16 सितम्बर और 11 अक्तूबर को ज़रूरतमन्द और अल्प सुविधाप्राप्त लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और जनता के बीच स्वास्थ्य सुरक्षा और रोगों की रोकथाम के बारे में जानकारी पैदा करने के उद्देश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।

क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, पटना के डॉ. मो. वसीम अहमद और डॉ. हशमत इमाम 16 सितम्बर को ख़ानक़ाह मुनेमिया, पटना में मरीज़ों को देखते हुए।

क्षे.यू.चि.अ.सं., पटना द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ख़ानक़ाह मुनेमिया, मिलन घाट, पटना शहर में किया गया और इसका उद्घाटन डॉ. काज़िम हाशमी, सचिव, जामिया मुनेमिया ने किया। शिविर में सामान्य एवं दीर्घकालीन रोगों से ग्रसित 220 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। आगंतुकों को जानकारी देने के उद्देश्य से डॉ. मो. वसीम अहमद और डॉ. हश्मत इमाम द्वारा क्रमशः "सामान्य स्वास्थ्य जानकरी" और "रोकथाम ही निदान है" विषयों पर व्याख्यान दिए गए।

क्षे.यू.चि.अ.सं., चेन्नई ने थंगल, एरीकरई नगर, वीरुगम्बक्कम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया और 74 पुरुष, 82 महिलाएं, 04 लड़कों और 13 लड़कियों सहित 173 रोगियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

दोनों शिविरों में यूनानी चिकित्सा द्वारा स्वास्थ्य लाभ के प्रचार प्रसार हेतु स्वास्थ्य साहित्य आगंतुकों में निःशुल्क वितरित किया गया। ■

दीर्घकालीन साइनुसाईटिस पर तकनीकी रिपोर्ट का प्रकाशन

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने हाल ही में "दीर्घकालीन साइनुसाइटिस पर बहुऔषधीय यूनानी मिश्रण का नैदानिक परीक्षण" पर एक तकनीकी रिपोर्ट प्रकाशित की। यह प्रकाशन केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में दीर्घकालीन साइनुसाइटिस के 3675 रोगियों पर बहु औषधीय यूनानी मिश्रणों के सुरक्षा एवं गुणवत्ता मूल्यांकन पर किये गए दो नैदानिक अध्ययनों पर आधारित है।



प्रथम अध्ययन में वर्म तजावीफ़–ए–अनफ़ मुज़्मिन (दीर्घकालीन साइनुसाइटिस) के नैदानिक रूप से संपुष्ट 2322 रोगियों को कोडित यूनानी औषधि यूनिम 051 + यूनिम 053 के सम्मिश्रण द्वारा उपचारित किया गया। इनमें से 1841 (79.3 प्रतिशत) रोगियों में सभी नैदानिक लक्षणों में पूर्णतया कमी देखी गयी।

द्वितीय अध्ययन में दीर्घकालीन साइनुसाइटिस के 1353 रोगियों को कोडित यूनानी औषधि यूनिम 052 + यूनिम 053 के सम्मिश्रण द्वारा उपचारित किया गया। उनमें से 963 (71.2 प्रतिशत) रोगियों में सभी लक्षणों में कमी दर्ज की गई।

दोनों अध्ययनों में उपचार से पहले व बाद में पैथोलॉजिकल व बायोकेमिकल मूल्य जांचे गए। उपचार के पश्चात् अंतरीय ल्युकोसाईट गणना में रोगियों की इयोसिनोफिल संख्या में कमी पाई गई। दोनों अध्ययनों में जैव–रासायनिक परिमापों में कोई सार्थक सांख्यिकीय परिवर्तन नहीं देखा गया जिससे यह पता चलता है कि परीक्षित औषधि मिश्रण यकृत–वृक्कीय कार्यों पर कोई दुष्प्रभाव नहीं डालती।

दोनों परीक्षित औषधि मिश्रणों के नैदानिक परिणाम और सुरक्षा मूल्यांकन यह दर्शाते हैं कि ये औषधियाँ सुरक्षित एवं प्रभावी हैं और इन औषधियों के रोगोपचार से सम्बन्धित यूनानी चिकित्सकों के पुरातन यूनानी ग्रन्थों में किये गए दावे सही हैं। ■

पंजीकरण सं. 34691/80

सी.सी.आर.यू.एम. न्यूज़लेटर

सी.सी.आर.यू.एम. न्यूज़लेटर *वर्ष में छः बार प्रकाशित होता है। जनवरी 2014 से यह सिर्फ अंग्रेज़ी की बजाय हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में एक साथ प्रकाशित हो रहा है। इसमें विशेषतः केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद से, जो आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय है, संबंधित समाचार होते हैं। यह ऐसे व्यक्तियों और संस्थाओं के लिए मुफ़्त उपलब्ध है जो यूनानी चिकित्सा पद्धति के विकास में दिलचस्पी रखते हैं।* सी.सी.आर.यू.एम. न्यूज़लेटर *में प्रकाशित सामग्री को* सी.सी.आर.यू.एम. न्यूज़लेटर *के आभार के साथ, इस शर्त पर प्रकाशित किया जा सकता है कि वह प्रकाशन व्यापारिक उद्देश्यों से न किया जाये।*

महानिदेशक व मुख्य संपादकः
प्रो. रईस–उर–रहमान

कार्यकारी संपादकः
मोहम्मद नियाज़ अहमद

संपादकीय समितिः
खालिद एम. सिद्दीक़ी
ज़कीउद्दीन
सलीम सिद्दीक़ी
क़मर उद्दीन

संपादकीय कार्यालयः
केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद
61–65, इंस्टीटयूशनल एरिया, समुख 'डी' ब्लाक, जनकपुरी, नई दिल्ली–110 058

दूरभाषः +91–11/28521981, 28525982, 28525983, 28525831, 28525852, 28525862, 28525883, 28525897, 28520501, 28522524
फैक्सः +91–11/28522965
ई–मेलः unanimedicine@gmail.com
वेबसाइटः www.ccrum.net

मुद्रणः रैक्मो प्रैस प्रा. लि.
सी–59, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेस–1
नई दिल्ली–110020

ISSN 0974 1666

CCRUM newsletter

A Bi-monthly Bulletin of Central Council for Research in Unani Medicine

Volume 35 • Number 5-6 September–December 2015

Shri Ajit M. Sharan is new Secretary (AYUSH)

Shri Ajit Mohan Sharan, a 1979 batch IAS officer of the Haryana cadre, took over as Secretary to the Government of India, Ministry of Ayurveda, Yoga & Naturopathy, Unani, Siddha and Homoeopathy (AYUSH) on September 01 (forenoon). He brings with him over three and a half decades of varied administrative experience.

This new role is Shri Sharan's third assignment on Central Deputation. Previously, he served as Secretary in the Department of Sports under the Ministry of Youth Affairs and Sports starting from October 2013, while he first served on Central Deputation during March 2000 to May 2003 when he was Joint Secretary in the Ministry of Finance & Company Affairs, Department of Economic Affairs, Banking Division.

Before coming on Central Deputation for the second time, he served as Financial Commissioner and Principal Secretary in the Department of Power, Government of Haryana for up to two years starting from November 2011. Prior to that, he was Financial Commissioner and Principal Secretary in the Department of Technical Education for a short span of about nine months. Before that, he served as Financial Commissioner and Principal Secretary in the

Shri Ajit Mohan Sharan

Departments of Finance and Planning during September 2008 – February 2011. During July 2005 – August 2008, he served as Financial Commissioner and Principal Secretary in the Department of Archaeology and Museum; Member Secretary, Administrative Reforms and Coordination; and Financial Commissioner and Principal Secretary in the Departments of Higher and Technical Education, Board of Technical Education & Industrial Training. He also served as Commissioner and Secretary in the Department of Sports and Youth Affairs for a period of over two years after his first Central Deputation.

Shri Sharan started his administrative responsibilities as OSD, Land Revenue Management and District Administration in 1981 and later held a number of responsibilities as Managing Director, Industries; SDM and Additional Deputy Commissioner, Land Revenue Management and District Administration; Additional Director, Department of Industries; Additional Director, Department of Civil Supplies; Deputy Commissioner, Land Revenue Management and District Administration; Registrar, Human Resource Development; Director, Department of Industries; Director, Commerce; Director, Mines and Minerals; Director, Department of Agriculture; Managing Director, Department of Small Industries,

(Contd. on page 5)

CCRUM participates in Advantage Health Care India – 2015

The Central Council for Research in Unani Medicine participated in 'Advantage Health Care India – 2015, an international summit on Medical Value Travel held during October 5–7 at Pragati Maidan, New Delhi with the aim to promote healthcare services exports from India.

